दिन– रविवार | दिनांक– 25 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सतत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

03. राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग को मतदाता शिक्षा जागरूकता में सर्वश्रेष्ठ अभियान के लिए मीडिया पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सड़कें दो लेन की बनायी जायेंगी।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम की एक सौ तीसवीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी यह उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित होगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद इसका अंग्रेजी में भी प्रसारण होगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय चैनलों पर रात साढ़े नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में राष्ट्रपति का संबोधन प्रसारित करेगा।

———————————————————

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के चलते आकाशवाणी पटना से शाम सात बजकर तीस मिनट पर प्रसारित होने वाले सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार बुलेटिन के समय में परिवर्तन किया गया है। यह बुलेटिन आज शाम छह बजकर तीस मिनट से प्रसारित किया जायेगा। समाचार समापन के तुरंत बाद जिले की हलचल प्रसारित की जायेगी।

———————————————————————

गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में उत्सव का माहौल है। सरकारी कार्यालयों, स्कूल–कॉलेजों और विभिन्न संस्थाओं में तिरंगा फहराने को लेकर जोर–शोर से तैयारी चल रही है। मुख्य समारोह पटना के गांधी मैदान में आयोजित किया जायेगा। इस समारोह को लेकर जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस. एम. और वरीय पुसिल अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने तैयारियों की समीक्षा की और सुरक्षा–व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में बारह विभागों की ओर से झांकियां प्रदर्शित की जायेंगी, जिनमें बढ़ते बिहार की तस्वीर दिखाई जायेगी। वहीं, परेड में इक्कीस टुकड़ियां भाग लेंगी। गांधी मैदान की सुरक्षा को लेकर पूरे क्षेत्र को चार सेक्टर और सब सेक्टर में बांटा गया है। महत्वपूर्ण जगहों पर वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। इधर, पटना जिला प्रशासन ने समारोह को लेकर कल सुबह सात बजे से कार्यक्रम के समापन तक सामान्य और व्यवसायिक वाहनों के गांधी मैदान की ओर जाने पर रोक लगा दी है। केवल पासधारी वाहन ही जा पायेंगे। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर गश्त बढ़ा दी है। होटलों, लॉजों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक तौर पर चेकिंग की जा रही है। कल बड़ी संख्या में सादी वर्दी में महत्वपूर्ण जगहों पर पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।

———————————————————————

आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। इस मौके पर देशभर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि भारतीय संविधान ने प्रत्येक मतदाता को समान शक्ति दी है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी से मतदान के अधिकार का प्रयोग करके ही देश को सही दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रणाली की रक्षा करना और इसकी शुचिता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।

———————————————————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि मतदाता सूची

का विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर का लक्ष्य प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम जोड़ना और प्रत्येक अपात्र का नाम हटाना सुनिश्चित करना है। श्री कुमार ने कहा कि एस.आई.आर. बिहार में सफलतापूर्वक पूरा किया गया है और इस समय बारह राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों में यह कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि बाकी राज्यों में भी एस.आई.आर. शीघ्र शुरू किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि बिहार में अंतिम मतदाता सूची के विरूद्ध एक भी अपील दायर नहीं की गई है। यह एस.आई.आर. की शुचिता और विश्वसनीयता प्रदर्शित करता है।

–––बाईट–––

बिहार में एस आई आर की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण यह रहा कि तैयार की गई मतदाता सूची पर एक भी अपील दर्ज नहीं हुई। जिससे इसकी पवित्रता और विश्वसनीयता सिद्ध हुई। इसी सशक्त आधार पर संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव ऐतिहासिक रहे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग को वर्ष दो हजार पच्चीस के मतदाता शिक्षा जागरूकता अभियान में सर्वश्रेष्ठ अभियान के लिए इलेक्ट्रॉनिक रेडियो श्रेणी में मीडिया पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु यह पुरस्कार आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के अवसर पर प्रदान करेंगी। पुरस्कार चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देने और सुलभ चुनावों के बारे में जागरूकता फैलाने में आकाशवाणी के योगदान को मान्यता देता है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान बेहतर और प्रशंसनीय काम करने के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार की घोषणा की है। उनमें कई पुरस्कार बिहार को मिले हैं। चुनाव में तकनीकी का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए पूर्वी चम्पारण, मतदाता जागरूकता के लिए पटना तथा प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए मधुबनी जिले को देशभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। चुनाव प्रबंधन और आवाजाही के लिए पूर्णियां को तीसरा तथा आचार संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए समस्तीपुर को दूसरा स्थान मिला है। वहीं, बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल, एडीजी कुंदन कृष्णन और डीआईजी, ईओयू मानवजीत सिंह ढिल्लो को विशेष पुरस्कार से सम्मानित गया है। साथ ही सीईओ ऑफिस बिहार की टीम को बेस्ट चीफ इलेक्ट्रॉल ऑफिस, सोशल मीडिया टीम की श्रेणी से सम्मानित किया गया।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सक्रिय सुशासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल– प्रगति  ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो हजार पन्द्रह में इस मंच की शुरूआत की थी। यह मंच

सहकारी संघवाद का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो केंद्र, राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों को एक ही डिजिटल मंच पर एक साथ लाता है। विशेष श्रृंखला में आज हम हिमाचल प्रदेश में स्थित एनएच–बाईस के परवानू–सोलन खंड पर एक नजर डालेंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रदेश में नये शहरों का विकास किया जायेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए सड़कें दो लेन की बनायी जायेंगी। उन्होंने वैशाली जिले में समृद्धि यात्रा के दौरान पानापुर में जन संवाद को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए कई योजनाओं का कार्यान्वयन कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके तहत शहरी क्षेत्रों का विस्तार और नागरिक सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आसान आवागमन के लिए पांच नई एक्सप्रेस–वे का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को चरणबद्ध तरीके से दो लेन का बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री कहा कि सरकार इको–टूरिज्म के विकास पर बल दे रही है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करेगा। इन प्रतिनिधियों को गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। सम्मानित होने वालों में लगभग दो सौ चालीस सरपंच, मुखिया, ग्राम प्रधान, खंड और जिला पंचायत अध्यक्ष शामिल हैं। ये केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में पूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाली पंचायतों से जुड़े हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि उद्योगों की स्थापना के लिए एक हजार दो सौ पचासी एकड़ जमीन का अधिग्रहण का कार्य पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी दने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

योजना और विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा है कि सांसद, विधायक और विधान पार्षद द्वारा अनुशंसित स्थानीय क्षेत्र विकास योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने पटना में कहा कि बड़ी संख्या में योजनाएं पूरी की गयी हैं और शेष योजनाओं का कार्यान्वयन निर्माण की विभिन्न चरणों में है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में एक करोड़ बावन लाख से अधिक उच्च जोखिम आबादी की मैपिंग की गयी है। इस दौरान टीबी रोगियों की पहचान के लिए तेईस लाख से अधिक लोगों की जांच की गयी। पटना में उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद रोगियों की पहचान संभव हो सकेगा और उन्हें इलाज की प्रक्रिया से जोड़ा जायेगा।

———————————————————————

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत आज चार दिवसीय बिहार प्रवास पर आ रहे हैं। उनका यह प्रवास संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर हो रहा है। वे आज और कल उत्तर बिहार प्रवास के क्रम में मुजफ्फरपुर में रहेंगे। कल गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुजफ्फरपुर में झंडोत्तोलन करेंगे। सत्ताईस और अट्ठाईस जनवरी को दक्षिण बिहार में उनका प्रवास तय है। इसके लिए वे पटना में रहेंगे।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय की सिफारिश के हवाले से लिखा है– बिहार को नौ सौ क्यूसेक गंगा जल मिलेगा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– भारत से पच्चीस प्रतिशत टैरिफ हटा सकता है अमेरिका।

दैनिक भास्कर ने रोजगार बढ़ाने की सरकार की पहल पर लिखा है– इंडस्ट्रियल हब बनेगा बिहार, दो एसईजेड से रफ्तार मिलेगी।

प्रभात खबर की सुर्खी है– चंबल के बाद सबसे ज्यादा घड़ियाल गंडक नदी में, संख्या चार सौ के पार।

राष्ट्रीय सागर लिखता है–कांग्रेस ने बिहार, यूपी समेत छह राज्यों में जिलाध्यक्षों के चयन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किये।

आज अखबार की सुर्खी है– तेजस्वी आज संभाल सकते हैं आरजेडी की कमान।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सतत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

03. राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग को मतदाता शिक्षा जागरूकता में सर्वश्रेष्ठ अभियान के लिए मीडिया पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सड़कें दो लेन की बनायी जायेंगी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।